मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-548
06/12/2025

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 06 दिसम्बर 2025 :– भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री संजय कुमार झा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन–कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

******